हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 8 नवंबर 2025

04 गेहूं और सोयाबीन का बोरा उठाकर किसान...



07 शैक्षणिक संस्थानों में वंदे मातरम का ऐतिहासिक...





**खबर संक्षेप**

### रोजगार मेला 11 को

**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से आष्टा जनपद पंचायत परिसर में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 15 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर, क्रेडिट कार्ड सेलर के 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ जनपद पंचायत परिसर आष्टा में उपस्थित हो सकते हैं। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत युवक/युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### मैराथन दौड़ कल

**सीहोर।** रेडक्रॉस सोसाइटी एवं रोटरी क्लब द्वारा 9 नवंबर को सीहोर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। यह मैराथन दौड़ 9 नवंबर को प्रातः 7 बजे एसआर बिहार इंदौर नाका से प्रारंभ होगी और आवासीय ग्राउंड पर संपन्न होगी।

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है।

पचामा निवासी 23 वर्षीय आकाश परमार का शव अमरोद स्थित आईएचबी फैक्ट्री में मिला, प्रकरण दर्ज पुलिस जांच में जुटी

# गैस फैक्ट्री के ऑपरेटर की संदिग्ध मौत, गले से लिपटा पाइप, पिता ने जताई हत्या की आशंका

पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार, सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





दोराहा थाना अंतर्गत अमरोद स्थित आईएचबी गैस फैक्ट्री में काम करने वाले 23 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पचामा निवासी आकाश परमार पिता राकेश परमार जो फैक्ट्री में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था, उसका शव दो दिन पहले फैक्ट्री के अंदर मिला। यह मामला इसलिए और भी संदिग्ध हो गया है, क्योंकि मृतक के गले और प्राइवेट पार्ट से लिपटा नजर आया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

मृतक आकाश परमार जो विमल परमार का भतीजा था। मृतक के पिता राकेश परमार ने सीधे तौर पर बेटे की हत्या का संदेह जताया है। उन्होंने बताया कि मेरे बेटे की किसी ने हत्या की है, जिस तरह से उसका शव मिला है, वह सामान्य नहीं है। हम चाहते हैं कि पुलिस जल्द से जल्द सही जांच करे और दोषियों को पकड़े।

**दीवार कूदकर गए अंदर, तो मिला शव :** बताया जा रहा है कि 3 नवंबर को सुबह जब दूसरी शिफ्ट का कर्मचारी आया और उसने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। फोन भी लगाया गया, लेकिन आकाश ने नहीं उठाया। जिसके बाद साथी कर्मचारी ऊपर दीवार से चढक़र अंदर गए, जहां उन्हें आकाश का शव पड़ा हुआ मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचित किया गया।

**पुलिस खंगाल रही फुटेज**

मामले की सूचना मिलते ही दोराहा थाना प्रभारी राजेश सिन्हा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटना 3 तारीख की है। युवक का शव फैक्ट्री के अंदर मिला था। शव का पोस्टमार्टम भोपाल के हमीदिया अस्पताल में कराया गया है। पुलिस फिलहाल मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह आत्महत्या है या हत्या। टीआई सिन्हा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना के समय की गतिविधियों का पता चल सके साथ ही मृतक का मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्मरणोत्सव मनाया





**नलखेड़ा।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकासखंड स्तरीय स्मरणोत्सव स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश की एकता अखंडता त्याग समर्पण एवं देशभक्ति के जज्बे का पर्याय बन चुके वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को प्रातः 9 बजे शासकीय महाविद्यालय में भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा जिला मंत्री पवन वेदिया किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा भाजपा मंडल महामंत्री रितेश सोनी तहसील प्रेस क्लब सचिव दिलीप खंडेलवाल तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव थाना प्रभारी नागेश यादव जनपद पंचायत सीईओ सुश्री अश्विनी पाटीदार बीईओ डॉ दिनेश त्रिवेदी सहित शासकीय अधिकारी कर्मचारी व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन हुआ। गायन के पश्चात वंदे मातरम के जयघोष से परिसर गुंजायमान हो गया। इसके पश्चात दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। गौरतलब है कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि यह हमारे देश की आत्मा का प्रतीक है। इसके माध्यम से हम अपने देश के प्रति समर्पण त्याग और गौरव की भावना को पुनः जागृत करते हैं।

## एसआईआर को लेकर नलखेड़ा मंडल की बैठक का किया गया आयोजन

**नलखेड़ा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (रकफ) को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की बैठक रेन बसेरा नलखेड़ा में संपन्न हुई, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री मयंक राजपूत एवं मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया ने संबोधित करते हुए ने कहा कि मतदाता सूची को सही और अद्यतन रखना लोकतंत्र की मजबूती के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सही मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है।

हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करे कि उसका नाम सूची में सही दर्ज हो। बूथ प्रभारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे घर-घर संपर्क अभियान चलाकर सूची में मौजूद त्रुटियों को सुधारें और नए मतदाताओं का नाम जोड़ने में मदद करें।

निर्वाचन आयोग ने 4 नवंबर से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू कर दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को इस कार्य में बीएलओ के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब मतदाता सूची ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप में उपलब्ध कराई गई है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। जो भी व्यक्ति 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे फॉर्म 6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार के लिए फॉर्म 8 का उपयोग किया जाएगा।

बैठक में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता , अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवनारायण भिलाला , पूर्व मंडल अध्यक्ष नाथूलाल परमार , नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी , महिला मोर्चा जिला महामंत्री साक्षी सकलेचा , पूर्व जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा ,पूर्व जिला सकार्यालय मंत्री मोहन नागर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालक मंडल महामंत्री रितेश सोनी एवं आभार मंडल महामंत्री बीरमलाल मालवीय द्वारा व्यक्त किया गया

### सूदखोर ने धोखाधड़ी कर 6 लाख में हड़प ली 40 लाख रुपए कीमत की जमीन



**सीहोर।** पडियाला गांव की वृद्धा महिला से धोकाधड़ी कर 40 लाख रुपए कीमत की डेढ़ एकड़ जमीन सूदखौर के द्वारा साढे छ लाख रूपये में हड़पने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर सूदखौर ने फरियादिया वृद्ध महिला के साथ मारपीट कर उनका हाथ भी तोड़ दिया। शातिर सूदखौर के द्वारा बड़ी जालसाजी कर जमीन की रजिस्ट्री करवाकर उस का नामांतरण भी करवा लिया है। गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर वृद्ध महिला ने धोकाधड़ी से डिप्टी कलेक्टर को आवेदन देकर अवगत कराया जिस के बाद डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। फरियादिया कृष्णा बाई बेवा पति स्वर्गीय हेमराज मालवीय को इस धोकाधड़ी की जानकारी तब लगी जब उनके बैक कृषि खाते में सोयाबीन फसल का मुआवजा नहीं आया और उन्होने ने अपने खसरे खतौनी को राजस्व पोर्टल पर चैक कराया जिस में उनकी जमीन पर भूमि मालिक के रूप में सूदखौर का नाम दर्ज पाया गया। विरोध करने पर सूदखौर ने फरियादिया वृद्ध महिला के साथ मारपीट कर उनका हाथ भी तोड़ दिया। परिजन अहमदपुर थाना रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से भी इंकार कर दिया। फरियादिया कृष्णा बाई ने बताया कि ग्राम पडियाला पम्पापुर के पास उनके नाम पर खसरा न. 359/1 रकबा 0.619 हैक्टयर भूमि राजस्व दस्तावेजों में दर्ज थी इस भूमि पर परिजनों के द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा था। केसीसी का पैसा जमाकर ने लिए गांव के ब्याज पर पैसा देने वाले धर्मेन्द्र मेवाडा से भूमि गिरवी रखकर 6,00,000 शब्दों छः लाख रू. तीन साल के लिये दो प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। धमेंद्र के द्वारा धोखाधडी कर तहसील ले जाकर राशि देने की लिखापढ़ी के नाम कुछ कागजों पर अंगूठा लगवा लिए अनपढ होने के कारण मुझे कुछ समझ नहीं आया। बाद पता चला की धमेंद्र ने मेरी जमीन अपनी माता सोरम बाई पति रमेशचंद्र मेवाडा के नाम पर करवा ली हैं।मेरी परिजनों के द्वारा इस विरोध करने पर 23/10/2025 की रात को धर्मेन्द्र ने 25 से अधिक अज्ञात लोगों के साथ मिलकर मेरी खडी फसल पर बख्खर निकाल दी और मेरे परिजनों और मेरी साथ मारपीट की गई जिस से मेरा हाथ टूट गया। फरियादिया कृष्णा बाई ने धर्मेन्द्र मेवाडा के खिलाफ सख्त कार्रवाही करते हुए मुकदमा दर्ज करने और रजिस्ट्री नामांतरण निरस्त कराने की मांग प्रशासन से की है।

## चेकिंग कर नियम विरुद्ध संचालन पर कार्रवाई करें: कलेक्टर

**बस संचालन में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन हो जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





कलेक्टर प्रीति यादव ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिए कि जिले के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों की बसों की निरंतर चेकिंग की जाए। बस संचालन में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन हो, गाइडलाइन का पालन न करने एवं नियम विरुद्ध संचालन पर कार्यवाही करें। बसों की फिटनेस, दस्तावेज, वाहन चालक का लायसेंस चैक करे। कलेक्टर ने बैठक में सर्वप्रथम पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में दिए जाने वाले निर्देशों का पालन करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि छावनी नाके पर सड़क के दोनों ओर मॉल में पार्किंग व्यवस्था है या नहीं जानकारी ले, अन्यथा नोटिस देकर कार्यवाही करें। सड़क के किनारे वाहन खड़े होने से यातायात प्रभावित न हो, अस्त-व्यस्त वाहन खड़े कर यातायात प्रभावित करने वाले पर कार्रवाई करें। उन्होंने आइसीआइसीआइ बैंक मालीखेड़ी रोड पर पार्किंग व्यवस्था देखने तथा नहीं होने पर नोटिस देकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि दुकानों के सामने सामग्री रखने वाले दुकानदारों को समझाईश देकर सामग्री हटवाएं, पुनरावृति पर कार्यवाही करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि टू व्हीलर वाहन चलाने के दौरान सभी को हेलमेट पहनना अनिवार्य हैं। उन्होंने हेलमेट नहीं पहनने वालो पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश यातायात थाना प्रभारी को दिए। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी थानों पर भूमि संबंधी प्रकरणों एवं गंभीर घटनाओं से संबंधित प्रकरणों में तत्परता रखे, ऐसे प्रकरण स्वयं देखे और मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करे। कलेक्टर ने थाना प्रभारियों को कहा कि प्राप्त सभी शिकायतो का थाना स्तर पर ही संतुष्टिपूर्ण समाधान किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एडिशनल एसपी रविंद्र कुमार बोयत, एसडीएम मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर प्रेम नारायण परमार, आशीष शर्मा यातायात थाना प्रभारी जगदीश यादव, तहसीलदार,थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

**जिला स्तरीय सामूहिक गायन आगर में विजय स्तम्भ पर, एकता की शपथ ग्रहण की**

# वन्दे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर जिले में हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा









राष्ट्रीयगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आगर-मालवा जिले में भी राष्ट्ररगीत वन्दे मातरम का सम्पूर्ण गायन हुआ। इस अवसर पर जिला स्तरीय आयोजन विजय स्तम्भ पर किया गया। जहां सम्पूर्ण राष्ट्ररगीत का गायन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं सम्मुख में दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मधु गेहलोत रहे तथा अध्यक्षता कलेक्टर प्रीति यादव ने की। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी आदि ने उपस्थित होकर वन्दे मातरम् का गायन किया। साथ ही एक वर्ष तक चलने वाले वन्दे मातरम् स्मरणोत्सव समारोह का शुभारम्भ किया। वन्दे मातरम की 150 वर्षगांठ पर दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण देखा और सुना गया। विधायक श्री गेहलोत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि वन्दे मातरम् राष्ट्रर की एकता, अखण्डता और देशभक्ति का प्रतीक है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में वन्दे मातरम् गीत की भूमिका महत्वपूर्ण रही और यह देश की सांस्कृतिक विरासत के महत्व का प्रदर्शित करता है। हमें सर्देव किसी कार्य को शुभारम्भ अवसर पर वन्दे मातरम का गायन कर राष्ट्रर के प्रति सम्मान की भावना प्रकट करना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने वन्दे मातरम् गीत के ऐतिहासिक महत्व एवं मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह गीत हमें हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता और राष्ट्रसेवा के लिये प्रेरित करता है। इसमें अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश पटेल, भेरू सिंह चौहान, मयंक राजपूत, भरत प्रजापत, प्रेम यादव, अजय जैन मारूबर्डिया, मनीष सोलंकी, आभा चोपड़ा, संगीता देसाई, अशोक प्रजापत, सुरेश बैरागी, जगदीश गवली, रानू नरवाल, बसंत डूलगज आदि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी एसपी विनोद कुमार सिंह, सीईओ नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एएसपी रविन्द्र कुमार बोयत, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा, एसडीएम मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रीति चौहान, उप संचालक कृषि विजय चौरसिया, सीईओ जनपद मोहन लाल स्वर्णकार जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी मालवीय सहित अन्य शासकीय सेवक, पत्रकार, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावली गहन पुनरीक्षण अवधि में अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित

**नलखेड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति यादव ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि में जिले के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश, स्थानांतरण, तैनाती को प्रतिबंधित किया है। जारी आदेशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 07 फरवरी 2026 तक संपादित होगा। कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अवधि में जिले के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निगम-मंडल एवं स्थानीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश, स्थानांतरण एवं तैनाती पर प्रतिबंध लगाया है। अधिकारी-कर्मचारी कलेक्टर की पूर्व अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न मुख्यालय छोड़ेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत एकपक्षीय दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**पुनरीक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 07 फरवरी 2026 तक संपादित होगा**

**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

क्र./8149/प्रवा-2/ विवाह पंजी/2025, राजगढ, दिनांक 30/09/2025

**विज्ञप्ति**

आवेदक श्री राजाबाबू पिता मांगीलाल जाति गुसाई (अ.पि.वर्ग) निवासी ग्राम सिराडी तहसील श्यामपुर जिला सीहोर मप्र एवं आवेदिका पायल अहिरवार पिता पन्नालाल अहिरवार जाति चमार (अनुसूचित जाति) निवासी ग्राम सादनखेडी तहसील कालापीपल जिला शाजापुर मप्र के द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टी के लिए विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र पर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत विवाह पंजीयन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है।

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा-6 (3) के तहत सूचना के प्रकाशन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर या दिनांक 30/10/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थिति होकर या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर से विज्ञप्ति जारी की गयी।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह पंजीयन अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### सरपंच ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**चापडा।** ग्राम पंचायत छतरपुरा में लगातार पंचायत द्वारा सरकार की योजनाओ अंतर्गत गांव में विकास कार्य किया जा रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा वर्तमान में सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार द्वारा निरीक्षण किया गया एवं सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार को क्वालिटी के साथ निर्माण करने के निर्देश दिए। निर्मला जवाहर पाटीदार ने बताया कि गांव में लगातार विकास कार्य किया जा रहे हैं। जिससे कि आम जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि काम क्वालिटी के साथ किया जाए। इस दौरान पंचायत सचिव सागर चौहान, रोजगार सहायक सचिव नंदकिशोर पाटीदार अन्य पंचगण उपस्थित रहे।

### 6633 वोट के साथ इरफान मदनी बने यूथ कांग्रेस महासचिव



**भौरासा।** युवा कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय संगठन चुनाव में प्रदेश महासचिव पद हेतु भौंरासा नगर से इरफान मदनी समेत जिले से 11 लोगों ने दावेदारी की थी गुरुवार को हुए प्रदेश स्तर के विभिन्न पदों पर हुए चुनाव परिणामों की घोषणा की गई। इरफान मदनी ने 6633 वोट के साथ जिले में सबसे अधिक वोट लाकर एक मात्र प्रदेश महासचिव निर्वाचित होकर कब्जा जमा लिया। मदनी देवास, इंदौर, भोपाल के साथ अन्य जिलों से वोट अपने पक्ष में कराने में सफल रहे। ध्यान रहे युवा कांग्रेस में पूरा चुनाव इस बार हाईटेक पद्धति से किया गया। प्रदेश संगठन चुनाव में किसी भी पद के लिए किसी भी जिले के युवा नेता अपनी उम्मीदवारी कर सकते थे। उम्मीदवारो के पक्ष में ऑनलाइन ही वोटिंग भी की गई थी। कांग्रेस के संगठन सर्जन अभियान में इस बार युवा कांग्रेस के चुनाव को लेकर भी राष्ट्रीय स्तर के पर्यवेक्षकों को जिलों में भेजा गया था।

### प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव

# गेहूं और सोयाबीन का बोरा उठाकर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष पहुंचे कलेक्टर कार्यालय

### सरकार द्वारा किसानों की फसल खरीदने से इनकार कर देने के निर्णय के विरोध में किसान कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान के नेतृत्व में दिया ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

किसान कांग्रेस ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने फसल खरीदी और खाद की कमी को लेकर ज्ञापन सौंपा।प्रदेश अध्यक्ष चौहान ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश सरकार किसानों की फसल खरीदने के लिए केंद्र से अपील कर रही है, जबकि उसके पास इवेंट्स और नई योजनाओं के लिए पैसा है, लेकिन किसानों की फसल के लिए नहीं। उन्होंने मांग की कि सरकार अपने वादे के अनुसार गेहूं 2700 रुपए और धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदे और किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराए।जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार किसानों के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय एमएसपी से अधिक दाम पर फसल खरीदने का वादा किया जाता है, लेकिन सरकार के पास विधायक खरीदने के लिए पैसे हैं, किसानों का गेहूं खरीदने के लिए नहीं। चौहान ने मांग की कि राज्य सरकार अपना आदेश वापस ले और स्वयं किसानों की फसल खरीदे।विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों ने भोपाल चौराहा से कलेक्टर कार्यालय तक एक रैली भी निकाली।रैली के बाद किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान की उपस्थिति में एवं जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में एक ज्ञापन राज्यपाल मंगू भाई पटेल के नाम संयुक्त कलेक्टर अंशु ज्वाला को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश की डॉ मोहन यादव की सरकार के द्वारा किसानों की फसल नहीं खरीदने के निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों के साथ धोखा हुआ है। चुनाव के पूर्व भाजपा ने वादा किया था कि वह किसान की फसल समर्थन मूल्य पर ही नहीं बल्कि अधिक कीमत पर खरीदेगी। अब जब किसानों को राहत और भरोसे की सबसे अधिक आवश्यकता है तब सरकार ने मुख मोड़ लिया है। जिला किसान कांग्रेस इस निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करती है साथ ही मांग करती है कि राज्य सरकार तुरंत अपने निर्णय को वापस ले और फसल को सरकार राज्य स्तर पर खरीदे,एम एस पी से नीचे किसी भी किसान को उसकी फसल बेचने के लिए मजबूर नहीं किया जाए एवं किसान की आय भंडारण और परिवहन की सुविधा के लिए विशेष राहत पैकेज दिया जाए। इस अवसर पर उपस्थित किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार किसानों के साथ धोखा कर रही है सरकार आज पूर्ण रूप से दिवालिया हो चुकी है सरकार के पास पैसा नहीं है कि वह किसान की फसल खरीद सके इसलिए प्रदेश सरकार ने किसानों को केंद्र सरकार और एफसीआई के जिम्मे में कर दिया है जो कि किसानों के साथ विश्वास घात है आज हजारों किसान अपनी फसल व्यापारीयो को कम कीमत में बेचने पर मजबूर है। किसान कांग्रेस मांग करती की सरकार अपना निर्णय वापस ले और फिर से राज्य सरकार किसानों की फसल की खरीदी प्रारंभ करें। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जयसिंह ठाकुर, मनोज राजानी, तंवर सिंह चौहान, भगवान सिंह चावड़ा, विक्रम मुकाती, सुधीर शर्मा, ज्ञानसिंह दरबार, विक्रम पटेल, ईशर सिंह अकालियों, मुकेश पटेल, चन्द्रपाल सिंह सोलंकी, जितेंद्र सिंह मोंटू, पोपसिंह परिहार, पंकज वर्मा, मुन्ना सरकार, मदनलाल जेठवा, सुनील यादव, वसीम हुसैन, गुलाब सिंह ठाकुर, प्रेम पटेल, अक्षय बाली, दिग्विजय सिंह झाला, मनोज सांगते, ब्रजपाल सिंह राजावत, उस्मान गनी, गुलाब सिंह ठाकुर, शाहिद ठेकेदार, संजय रैकवार, राकेश पाटीदार, मोनू चौहान, कल्लू भाई राष्ट्रीय, अतुल सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।



# कमलापुर पुलिस ने भूमि सौदे के नाम पर ठगी करने वाले को किया गिरफ्तार

### आरोपी ने की 36 लाख की ठगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना कमलापुर पर शिकायकर्ताओं दुलेसिंह राजपूत, उदयसिंह सिसोदिया, ईश्वरसिंह एवं सूरजसिंह द्वारा एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी जिसकी शिकायत जांच अनुविभागीय अधिकारी बागली (पुलिस) द्वारा की गई। जांच उपरांत तैयार की गई नोटशीट में सम्पूर्ण तथ्यों के आधार पर यह पाया गया कि अनावेदक हंसराज पिता किशना जाट निवासी ग्राम करोंदिया तहसील बागली थाना कमलापुर जिला देवास ने आवेदकगण को भूमि के सौदे के नाम पर 36,00,000 (छत्तीस लाख रुपये) की ठगी की है। जांच रिपोर्ट एवं आवेदन पत्र के अवलोकन उपरांत आरोपी हंसराज के विरुद्ध अपराध क्रमांक 218/2025, धारा 316(2), 318(4) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी बागली(पुलिस) सृष्टि भार्गव के निर्देशन में थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व मे विशेष टीम का गणन कर गुरुवार को आरोपी हंसराज पिता किशना जाट को गिरफ्तार किया गया । प्रकरण मे आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जनसिंह मीणा, प्रधान आरक्षक अरुण आर्य, सैनिक विष्णु सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव पर भाजपा कार्यालय में हुआ आयोजन

**देवास।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय देवास में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए देशभक्ति का उत्साह दिखाई दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव ने इस अवसर पर कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम की प्रखर भावना का प्रतीक है। वर्ष 1857 की क्रांति के बाद जब देश में निराशा का वातावरण था, तब बंकिमचंद्र चटर्जी ने अपने उपन्यास आनंदमठ में इस गीत की रचना कर स्वतंत्रता सेनानियों में पुनः जोश और ऊर्जा का संचार किया। यह गीत भारत की स्वतंत्रता यात्रा का प्रेरणास्रोत बना और आज भी देशहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। सैंधव ने कहा कि वंदे मातरम् के हर शब्द में मां भारती के प्रति श्रद्धा, त्याग और वीरता की भावना निहित है। हमें इस गीत की भावना को आत्मसात कर देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटरिया, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, पूर्व महापौर शरद पाचुनकर, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, वासुदेव परमार, मनोहर जाधव,विजय सिंह पंवार, मनीष सेन,जुबेर लाला, जुगनू गोस्वामी, नवीन सोलंकी, मनोज अध्यक्ष, देवेंद्र नवरात्रि, सुरेश सिरोदिया, कार्यक्रम संयोजक विजय गहलोत, सह संयोजक मोनिका शर्मा, सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कपिल पवार ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।



### कार्यशाला में शामिल हुए सांसद

**चापडा।** एसआईआर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की उपस्थित में बागली में संपन्न हुआ। इस दौरान सांसद खेल महोत्सव एवं संयुक्त मंडल कार्यशाला एवं मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण बैठक संपन्न हुई। बागली नगर के एक निजी गार्डन में जटाशंकर, कर्णेश्वर एवं उदयनगर मंडल की संयुक्त एसआईआर गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण की कार्यशाला आयोजित कि गई। इस दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, नारायण व्यास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने जटाशंकर महादेव का पूजन किया। साथ ही जटाशंकर से सभ्दावना पद यात्रा प्रारम्भ की गई जिसका बागली में समापन किया गया। जटाशंकर में विकास कार्य के लिए सांसद निधि से 15 लाख रुपए देने कि घोषणा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने की। इस दौरान पुर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल,सुनिल पुरोहित,कमल यादव, अशोक पाटीदार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग ने कार्रवाई कर वाहनों पर लगाया जुर्माना, बिना परमिट बस को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलेक्टर



कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने जांच दल के साथ मिलकर देवास में यात्री बसों के साथ साथ अन्य वाहनों की जांच की। जिसमें सुरक्षा उपकरणों एवं यात्री सुविधाओं की जांच की गई, स्लीपर बस में आपातकालीन खिड़की पर सीट लगी पाई जाने पर तत्काल यथास्थान से हटवाया गया, अग्निशमन यंत्र खाली तथा आवश्यकता से छोटे पाए गए, मेडिकल बॉक्स में दवाई चेक की गई, आपातकालीन खिड़की एवं बस का द्वितीय दरवाजा खुलवाकर चेक किया गया। 24 वाहनों की जांच में एक यात्री बस बिना परमिट पाए जाने पर जप्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ी करवाई गई तथा 5 वाहनों में कमी पर जाने पर 21000 हजार रूपए का जुर्माना किया गया। बस चालकों को वर्दी पहनने, बसों में एचआरएसपी नंबर प्लेट लगाने, ओवरलोडिंग न करने, ज्यादा किराया न लेने, ज्वलनशील पदार्थ न ले जाने की हिदायत दी गई। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि बस चालकों को सख्ती से निर्देश दिए जा रहे है कि बसों की आपातकालीन खिड़की पर सीट न लगाए, अग्निशमन यंत्र भरा हुआ होना चाहिए, किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का यात्री बसों में एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए तथा तेज गति से एवं ओवरटेक न किया जाए।

# डायल-112 के जवानों व पायलटों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एसपी पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस विभाग एवं अमलतास हॉस्पिटल की संयुक्त टीम द्वारा जिला देवास में संचालित डायल–112 वाहनों में ड्यूटीरत पुलिस जवानों एवं पायलटों को सीपीआर तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य डायल–112 के स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन को तत्काल प्राथमिक जीवनरक्षक सहायता प्रदान करने के लिए सक्षम बनाना है, जिससे मौके पर ही गंभीर स्थिति में फंसे व्यक्तियों की जान बचाई जा सके। अमलतास हॉस्पिटल देवास के चिकित्सक दल द्वारा प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को अचेत व्यक्ति को सीपीआर देने, हृदय गति रुकने पर राहत प्रदान करने एवं प्राथमिक जीवनरक्षक तकनीकों के व्यावहारिक प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया,रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह ठाकुर, जिला प्रभारी करण सिंह ठाकुर, डायल–112 प्रभारी देवास, जिला सुपरवाइजर डायल–112 सतीश मालवीय, पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सहित अमलतास हॉस्पिटल के डॉक्टर स्टाफ उपस्थित रहा ।इस पहल से डायल–112 के जवानों को आम नागरिकों की सहायता के लिए और अधिक सक्षम एवं संवेदनशील बनने का अवसर मिला है।

### जिला मुख्यालय सहित विकास खंडों और तहसीलों में हुआ वंदे मातरम का गायन

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर वर्ष भर आयोजित होंगे कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में देशभर में 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक वर्षभर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके तहत जिला स्तर पर देवास विधायक गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य में मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ३वंदे मातरम३ गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें "वंदे मातरम्" का सामूहिक एवं पूर्ण गायन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थितजनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा और सुना गया। इस अवसर पर महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, दुर्गेश अग्रवाल, शीतल गेहलोद, गणेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एसडीएम आनंद मालवीय, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया सहित अधिकारी/कर्मचारीगण, पुलिस प्रशासन, नगरवासी एवं स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थीगण उपस्थित थे। ''वंदे मातरम३ गायन का आयोजन जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी विकासखण्डों एवं तहसील मुख्यालय में भी हुआ। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" की 150वीं वर्षगाँठ पर वर्षभर चलने वाले कार्यक्रमों को चार चरणों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रथम चरण – 07 से 14 नवम्बर 2025 (शुभारंभ), द्वितीय चरण – 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस विशेष), तृतीय चरण – 07 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ), चतुर्थ चरण – 01 से 07 नवम्बर 2026 (समापन सप्ताह) के रूप में मनाया जाएगा। इन आयोजनों में आम नागरिकों के साथ-साथ विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, पुलिसकर्मी, डॉक्टर्स, शिक्षक, व्यवसायी एवं विभिन्न सामाजिक संगठन सक्रिय रूप से भागीदारी करेंगे। यह निर्णय भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की अमूल्य भूमिका तथा इसकी स्थायी सांस्कृतिक विरासत के महत्व को रेखांकित करता है।

# कांग्रेस के राजपूत दुधालिया और कंठाली बने प्रदेश सचिव





**चापडा।** मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस संगठन कि निर्वाचन क्रिया संपन्न हुई, जिसके परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए। इस बार बागली विधानसभा से सचिव पद पर जुझारू युवा को चुना गया है। जानकारी मप्र युवक कांग्रेस के चुनाव परिणाम लगभग तीन महीने बाद गुरुवार को आए, जिसमें 14 लाख युवाओं ने मेंबरशिप की और 6 लाख युवाओं के मेंबरशिप वोट मान्य हुए। प्रदेश महासचिव में 189 उम्मीदवारो थे, देवास जिले में सबसे ज्यादा 3414 वोट के साथ चापडा निवासी राहुल सिंह राजपूत प्रदेश सचिव नियुक्त हुए। साथ ही नगर निवासी रवि लुधियाना, नयापुरा निवासी मनोज कंठाली भी कांग्रेस युथ संगठन प्रदेश सचिव नियुक्त हुए हैं। नियुक्ति पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान, दिलीप गुर्जर, राजेंद्र चौहान, राहुल पवार, रजत वैष्णव, लोकेंद्र दुधानिया, नाना वैष्णव आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।



**खबर संक्षेप**



## जैन पत्रकार महासंघ के अभिषेक जिला संयोजक

**ललितपुर।** जैनाचार्य सुन्दर सागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में सांगानेर में आयोजित अखिल भारतीय पत्रकार संगोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अनौरा टाइम्स के प्रधान संपादक अभिषेक अनौरा ललितपुर को जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। कार्यक्रम मुख्य संयोजक दीपक गोधा ने जिला संयोजक अभिषेक अनौरा का स्वागत किया। आचार्य श्री ने आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि जैन पत्रकार महासंघ के माध्यम में जैन संस्कृति व साधु सन्तों का पूर्ण संरक्षण प्रदान करेंगे। अभिषेक अनौरा के मनोनयन पर वरिष्ठ पत्रकार अक्षय अलया, विजय जैन, अनंत सराफ, राहुल जैन, अजित भारती, अजय बरया, शैलेश जैन पिंटू, अमित जैन मोनू, अजय जैन साइकिल, सुनील जैन, पुष्पेंद्र जैन, मनोज जैन ,वैभव जैन, राहुल कलरेया, हितेन्द्र बड़घरिया, संजय पवैया,प्रिंयक सराफ,प्रदीप जैन आदिनाथ , आशीष जैन ने कहा कि इससे जनपद में जैन पत्रकार संघ की गतिविधियों को सक्रियता मिलेगी।

## स्पेशल पोर्टल लॉन्चिंग से विद्युत और पानी आपूर्ति रहेगी बंद

**ललितपुर** । उत्तर मध्य रेलवे द्वारा ललितपुर रेलवे स्टेशन (बीना छोर) रेलवे किमी 1035/35 से 1038/9 तक स्पेशल पोर्टल लॉन्चिंग की जानी है। उक्त रेलवे ट्रैक के समानांतर 11 केवीएचटी विद्युत लाइन जिससे वैरावट में बने 10 एमएलडी वाटर फिल्टर प्लान्ट पर विद्युत आपूर्ति की जाती है। रेलवे द्वारा उक्त कार्य को सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक पूर्ण किये जाने के दृष्टिकोण से 8 से 15 नवंबर तक (दोपहर 1 से सायं 6 बजे) उक्त ओवर हैड विद्युत लाइन को बन्द किया जाना आवश्यक है। विद्युतापूर्ति प्रभावित रहने की अवधि में वाटर फिल्टर प्लान्ट पर स्थापित मोटर पम्पों का संचालन किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। अतएव उक्त अवधि के दौरान नेहरूनगर एवं चांदमारी पेयजल योजना के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नं0-03. 08, 09 एवं 11 आदि क्षेत्र की पेयजलापूर्ति के रोस्टर में परिवर्तन रहेगा, जिससे उक्त अवधि में प्रतिदिन सुबह के समय की जाने वाली पेयजलापूर्ति सुचारू रहेगी, तथा सायं काल में होने वाली पेयजलापूर्ति बन्द रहेगी। उपभोक्ताओं / नागरिकों को पेयजल का अपव्यय न करते हुए अपनी आवश्यकतानुसार पेयजल भण्डारण करें।

## राजीनामा करने दबाव बनाकर अपमानित किया गया

**ललितपुर।** थाना गिरार अंतर्गत ग्राम इकौना निवासी जगवेन्द्र अहिरवार पुत्र नथुवा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 3 नवम्बर की शाम करीब 4 बजे उसके पिता घर के बाहर बैठे थे, तभी गांव के मंगल लोधी पुत्र राजाराम, राजपाल लोधी पुत्र मंगल, रामू लोधी पुत्र गोपी, पहाड़ सिंह लोधी पुत्र पूरन, हरिसिंह पुत्र ढिल्ला लोधी, जयसिंह लोधी पुत्र पंचू एकराय होकर लाठी-डण्डा लेकर उसके घर आये और पिता को एक मामले में राजीनामा करने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां दीं और अपमानित किया। शोरगुल सुनकर जब उनकी मां फूला, बड़े भाई लखन अहिरवार, रामू अहिरवार के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। हमले में सभी लोग घायल भी हुये हैं। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## युवक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बने देव साहू

**विदिशा।** युवक कांग्रेस के चुनाव में ब्लॉक युवक कांग्रेस सिविल लाइन क्षेत्र से अध्यक्ष पद पर देव साहू भारी मतों से निर्वाचित हुए हैं। देव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रवि साहू के बेटे हैं। प्रतिष्ठा पूर्ण हुए चुनाव में जहां देव साहू को 372 वोट मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी सौरभ खंगार को 57 वोट मिले। साहू को निर्वाचित होने पर बधाई दी।

### जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी ने किया सामूहिक गायन

# शैक्षणिक संस्थानों में वंदे मातरम का ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व बताया







हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार ललितपुर में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में दिखाया गया, यहां जिलाधिकारी ने पुष्प भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ, मा. जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटेरिया, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन की उपस्थिति में सभी के द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया गया और सजीव प्रसारण में प्रधानमंत्री की का उद्बोधन देखा गया। सजीव प्रसारण के दौरान प्रधानमंत्री जी वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण किया और वंदे मातरम की वेबसाइट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डॉक्यूमेंट्री के माध्यम बताया गया कि वर्ष 2025 में हमारे राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं, इस अवसर पर शासन द्वारा पूरे देश में दिनांक 7 नवम्बर 2025 से दिनांक 7 नवम्बर 2026 तक चार चरणों में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष के अवसर को भव्यता पूर्ण ढंग से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। सजीव प्रसारण के अलावा जनपद के शैक्षणिक संस्थानों में सामूहिक रूप से प्रातः वंदे मातरम का गायन किया गया तथा उसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। साथ ही महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, पी डी डीआरडीए दीपक यादव, उप जिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुभाषु सोनकर सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे

### तालमेल की गुणवत्ता को परखा

## साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड एवं तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में डायल-112, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। इसके पश्चात डायल-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता तथा अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति जांची गयी। एसपी ने पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा-भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत अर्दली रूम में रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। एसपी ने परेड में सम्मिलित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। उपस्थित कार्मिकों को प्रेरित करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस कर्मी जनविश्वास के आधार स्तंभ हैं उनका व्यवहार, तत्परता एवं निष्पक्षता ही पुलिस की वास्तविक पहचान है। इस दौरान सीओ पाली सुनील कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### सोसाइटी फॉर प्रगति भारत संस्था ने किया कार्यक्रम

## क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सोसाइटी फॉर प्रगति भारत संस्था द्वारा उपचार प्राप्त कर रहे क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित की। इस दौरान उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैध ने बताया कि निक्षय मित्र बनकर क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित करके उनके स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है।

आम जनमानस भी निक्षय मित्र बनकर राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदार बन सकते हैं। इस दौरान पीपीएम कॉर्डिनेटर आदेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी के नये रोगियों को खोजना, व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता, टीबी रोगियों की मृत्युदर को कम करना, टीबी रोग से पीड़ित व्यक्तिओं में डिफरेन्शियेटेड टीबी केयर अप्रोज पद्धति को लागू करके मृत्यु की संभावना को कम करना आदि पर विशेष बल दिया जा रहा है। जोखिम वाली जनसंख्या की टीबी स्क्रीनिंग सफल बनाने के लिये प्रभावशाली व्यक्तिओं एवं धर्मगुरूओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। इस दौरान टीबी परामर्शी चिकित्सक एवं एसटीएस उपस्थित रहे।

### राज्य मंत्री प्रतिनिधि सदर विधायक ने किया उद्घाटन

## युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग ललितपुर के तत्वावधान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम-सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान मेला का उद्घाटन रामरतन कुशवाहा, सदर विधायक, चन्द्रशेखर पंथ, मंत्री प्रतिनिघि द्वारा किया गया।

राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, ललितपुर के हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में, जनपद के स्थानीय कलाकरों के साथ विद्यालयों, महाविद्यालयों शासकीय एवं अद्र्वशासकीय संस्थाओं के उत्कृष्ट कलाकरों द्वारा 1-डिक्लेमेशन 2-कहानी लेखन 3-पेटिंग 4-लोकनृत्य (समूह) 5-लोकगीत (समूह) 6-कविता लेखन 7-इनोवेशन (साइंस मेला प्रदर्शनी) मे प्रतिभावान बालक-बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है। युवा उत्सव कार्यक्रम में सांइस मेला में प्रथम रितिक एण्ड पार्टी, द्वितीय रामेश्वर एण्ड पार्टी; लोकनृत्य मे प्रथम रौनक सेन, द्वितीय मुस्कान; लोकगीत में प्रथम दिया चन्देल, द्वितीय कल्पना; पेटिंग प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, द्वितीय चुनमुन; कहानी प्रतियोगिता में प्रथम अंश, द्वितीय राधिका; कविता लेखन में सूर्याशी द्वितीय चांदनी राजा; भाषण में प्रथम मोनिका चैरसिया, द्वितीय कृष्ण प्रताप सिंह ने स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक के रूप में भाषण में ओम प्रकाश, प्रवक्ता वर्णी जैन इण्टर कॉलेज, ललितपुर, अली प्रवक्ता, जिला परिषद इण्टर कॉलेज ललितपुर; कविता लेखन में हरी शंकर, प्रवक्ता पीएनइण्टर कॉलेज, ललितपुर, ऋतु बिलगैया, पीएनइण्टर कॉलेज, ललितपुर; पेन्टिंग ओम प्रकाश, बिरथरे, सेवानि प्रधानाध्यपक राजकीय हाईस्कूल दावनी, रमेश तिवारी, प्रवक्ता वर्णी जैन इण्टर कॉलेज, ललितपुर; लोकनृत्य गीतिमा तिवारी, सअ, शकपिल सोनी, अतिथि कोरियोग्राफर; लोकगीत गीतिमा तिवारी, सअ, कपिल सोनी, अतिथि कोरियोग्राफर; साइन्स मेला, लाखन प्रसाद विश्वकर्मा, सेवानि सअ राजकीय इण्टर कॉलेज ललितपुर, प्रियंका गौरव, सअ राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज के सदस्यो आदि द्वारा उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण कैलाश नारायण निरंजन, माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रधनाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, ने सयुक्त रूप से किया। प्रदीप कुमार, जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का निर्वहन शैलेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। प्रसून गुबरेले, अंजली शर्मा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ने सहयोग किया।

### वंदे मातरम से की शुरुआत

## भाजपा ने मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान अंतर्गत कार्यशाला की

**ललितपुर** । भरतीय जनता पार्टी द्वारा होटल के सभागार में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एस आई आर) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री अभियान के विधानसभा संयोजक बंशीधर श्रीवास ने किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के संयोजक हरीराम निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रवासीव सहकारी बैंक झांसी के अध्यक्ष जयदेव पुरोहित उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिले के छहों मण्डल ललितपुर, तालबैहट, पूराकलां, जाखलौन, जखौरा, बार मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक और सम्पूर्ण वंदे मातरम गायन से की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि जब तक आप एस आई आर अभियान में वर्तमान समय में फार्म वन के वोटर नहीं बनते तो आप वोटर नहीं माने जायेंगे क्यों कि मतदाता गहन पुनरीक्षण के उपरांत पुरानी वोटर लिस्ट शून्य हो जायेगी ।

उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में आज ही मण्डल अध्यक्षों को अपनी कार्यसमिति की बैठक करनी है तदुपरोरान्त सैक्टर संयोजकों को अपने कार्यकर्ताओं की बैठक करके इस के लिए कार्य करने की जानकारी देनी है ।बी एल ए टू एवं बूथ अध्यक्ष को सरकारी बी एल ओ से मिलकर अधिक से अधिक फार्म भरवाना है ।हर कार्यकर्ता अपने फार्म की स्लिप अपने पास अनिवार्य रुप से रखेगा ताकि अगर हम वोटर लिस्ट से किसी त्रुटि से हट गए तो चैलेंज कर सकें।इस बार जिले में सन्तानवै बूथ बढ़ाये गये हैं इस पर भी नजर रखना है ताकि यह मतदाता के घर से बहुत अधिक दूर न वन सकें । वंदे मातरम गीत की देड़सौवीं बर्षगांठ अभियान के जिला संयोजक धर्मेन्द्र कुमार पाठक ने जानकारी दी की सबसे पहले अठारह सौ पचहत्तर में वंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने इस गीत को लिखा। जिसका प्रयोग उन्होंने अपने क्रांतिकारी उपन्यास आनन्दमठ में किया। उस समय यह क्रांतिकारियों सहित, कांग्रेस के अधिवेशन में गाया जाता था लेकिन बाद में मुस्लिम नेताओं के विरोध के चलते कांग्रेस ने इसका गायन वन्द कर दिया था । लेकिन भारतीय जनता पार्टी आज भी अपने सब कार्यक्रम वंदे मातरम के गायन से शुरुआत करता है । पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे ने कहा कि आज का आयोजन मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हुआ है ।

इस समय भारत सरकार द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। इसका मुख्य काम कई जगह मतदाता सूची से जुड़े मतदाताओं को एक ही जगह सीमित करना,व जिनके नाम नहीं हैं उन्हें वोटर वना कर जोड़ना और विदेशियों के नाम पृथक करना है ।इसके लिए दो हजार तीन की मतदाता सूची से वर्तमान दो हजार पच्चीस की मतदाता सूची से समीक्षा करनी है।हमने भी इस के लिए वी एल ए वन व टू की संरचना की है जो वोटर को जगाने का कार्य करेंगे ।इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा इस एस आई आर कार्यक्रम में हम कार्यकर्ताओं की क्या भूमिका है वह हमें तय करना है ।हमें सरकारी बी एल ओ से दो फार्म लेना है जिसमें फार्म छह में घर में नये वनने बाले वोटर का फार्म भरना है एवं एक पहचान हेतु दस्तावेज लगाकर फोटो चस्पा करना हैं और दूसरे फार्म में दो हजार तीन से पूर्व के वोटर को जुड़वाना हैं। वोट हटवाने के लिए फार्म सात भरना होगा।

उन्होंने कहा कि ज्ञातव्य हो कि भविष्य में हर लाभकारी योजनाओं में इस मतदाता पहचान पत्र का लाभ मिलेगा।अन्त में विशिष्ट अतिथि एवं जिला प्रवासी पं जयदेव पुरोहित ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में बारह प्रमुख दस्तावेज की जानकारी हमारे कार्यकर्ता को होनी चाहिए। इसके अलावा हमें अपने जो परिवार के सदस्य एक जनवरी दो हजार छब्बीस को अठारह साल के हो रहे हैं उनका भी फार्म भराना है । उन्होंने कहा कि हमें यह मान लेना चाहिए कि आज से हम सभी लोग वोटर नहीं हैं और अब वोटर फार्म भर कर हम सभी को पुनः वोटर वनना है इससे फर्जी वोटर भी अलग होंगे।

## खेत जोत रहे मां-बेटे पर किया गया जानलेवा हमला, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना तालबेहट के ग्राम सेरवासकलां के मजरा ढिमरऊ निवासी शिवराज सिंह यादव पुत्र मौनलाल यादव ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गत दिवस शाम करीब 4 बजे उसका पुत्र महेन्द्र व पत्नी लीला देवी खेत पर काम कर रहे थे। तभी हरप्रसाद पुत्र शिवदयाल, बजेन्द्र पुत्र गनपत, धीरेन्द्र पुत्र हरप्रसाद, गेंदा पत्नी हरप्रसाद, विमलेश पत्नी ब्रजेन्द्र लाठी-डण्डे से लैस एकराय होकर आये और खेत जोतने सेरोकने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों नेपत्नी व पुत्र से मारपीट कर दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सीएचसी तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां दोनों को ललितपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोप है कि ब्रजेन्द्र अस्पताल में अपने साथियों के साथ घूमता रहा और धमकाया। यह घटना भी सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। एसपी के आदेश व पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार छात्र घायल

महरौनी थानान्तर्गत ग्राम पठा विजयपुरा निवासी भूपत पुत्र सुकई कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते गुरूवार को उसका पुत्र मोहित कुशवाहा, राकेश पुत्र रामरतन के साथ महरौनी से ललितपुर विद्यालय में पढने के लिए जा रहे थे। अपराह्न करीब 12 बजे राकेश कुशवाहा महरौनी से ललितपुर जा रहा था, तभी ललितपुर की ओर से आ रही पिकअप नं. यू.पी.94 टी 0652 जिस पर लोहे का सरिया लोड होने के कारण तेज गति से भागती हुयी आयी और सिलावन के पशु अस्पताल के सामने उसके पुत्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राकेश कुमार व मोहित को गंभीर चोटें आयीं। दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी महरौनी लाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर दोनों को ललितपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### टीम ने की कार्रवाई

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने भरा देसी घी का सैंपल



**ललितपुर** । उप जिलाधिकारी सदर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सचिदानंद राय द्वारा मेसर्स साहू डेयरी के मालिक विकास साहू से घी का नमूना संगृहीत कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया । उक्त घी मड़ावरा बिक्री हेतु बस से भेजा जा रहा था। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी । टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, एस एस निरंजन खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा अभिनंदनोदय तीर्थ से सरदारपुरा स्थित जैन आदिनाथ बडा मंदिर पहुंची

## प्रभावना पूर्ण हुई विमानों में विराजित श्रीजी की जैन मंदिरों में वापसी, भक्तों ने रंगोली सजाई उतारी आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अभिनंदनोदय तीर्थ पर वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज के सानिध्य में विमानोत्सव रथयात्रा में विराजित श्री जी का सामूहिक अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त नगर के जैन मंदिरों के लिए वापिसी हुई।

शोभयात्रा में श्रद्धालुजन विमान में विराजित श्री जी को अपने कंधों पर लिए थे वही रजत रथ एवं दो अन्य रथों को अपने हाथों से भक्ति पूर्वक लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा अभिनंदनोदय तीर्थ से निर्धारित मार्गों से होते हुए नगर के सरदारपुरा स्थित जैन आदिनाथ बडा मंदिर, जेन नया मंदिर, नदीपार स्थित वाहुवलित नगर, ज्ञानोदय तीर्थ वाईपास रोड, चन्द्रप्रभु जिनालय डोढाघाट, पार्श्वनाथ जैन अटामंदिर पार्श्वनाथ कालौनी जैन मंदिर एवं इलाइट जैन मंदिर, गांधीनगर स्थित आदिनाथ मंदिर, समोवशरण मंदिर एवं शान्तिनाथ जैन मंदिर के लिए रवाना हुई। शोभा यात्रा में आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज संघस्थ मुनि शिवदत्त सागर महाराज, मुनि सुदत्त सागर महाराज, मुनि भूदत्त सागर महाराज, मुनि पदमदत्त सागर महाराज, मुनि गुरुदत्त सागर महाराज, मुनि मेघदत्त सागर महाराज. मुनि वृषभ दत्त सागर महाराज, क्षुल्लक चन्ददत्त सागर महाराज एवं श्रीदत्तसागर महाराज के साथ चल रहे थे। मार्ग में धर्मानुजनों ने अपने घरों पर रंगोली तोरणद्वार सजाकर श्री जी की आरती उतारी। श्री जी को जिनमंदिरों में भक्तिपूर्वक श्रावकों ने अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त विराजित किया। नगर में विमानोत्सव में श्री जी के दर्शन के लिए भक्तों का अपूर्व उत्साह रहा महिलाए मंगलगान करते हुए चल रही थी सभी जन नतमस्तक रहे और अपूर्व धर्मप्रभावना का माहौल रहा।

शोभायात्रा की वापसी में अखिल भारतीय दिगम्बर जैन परिषद, जैन मिलन, सतोदय तीर्थ सेरोन, शान्तोदय तीर्थ जहाजपुर, वीर व्यायामशाला, जनक जननी वृद्धाश्रम, सिद्धि समूह, वीर व्यायामशाला, वीर क्लव सहित अनेकों संगठनों ने अपनी सहभागिता निभाई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, प्रेस क्लव अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, पूर्व अध्यक्ष अजित जैन खजुरिया, अनिल जैन अंचल, अखिलेश जैन गदयाना, मुन्नालाल जैन सैदपुर, राजेन्द्र जैन थनवारा मौजूद रहे। शोभायात्रा की व्यवस्थाओं को अनुशासित करने में जैन पंचायत अध्यक्ष डा अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, सनत खजुरिया, सौरभ जैन सीए, प्रतीक इमलया, राकेश जैन रिंकू, कैप्टन राजकुमार जैन, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक जेन दैलवारा, आनंद जैन भावनगर, अजित जैन गदयाना, मनोज जैन बबीना, अजय जैन गंगचारी, राजेन्द्र सराफ, जिनेन्द्र जैन रजपुरा, जितेन्द्र जैन, मनीष जेन, सतीश जैन बजाज, सुवेन्दु जैन आदि का जहा सकिय सहयोग रहा वही पुलिस प्रशासन एवं नगरपालिका प्रशासन की व्यवस्था सराहनीय रही।

### पीड़ा सुनाते हुए फफककर रोने लगे पीड़ित डिप्टी रेंजर, एसपी से की शिकायत

# डिप्टी रेंजर को आरामशीन संचालकों और विधायक से मिल रही धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वन विभाग के स्पेशल उड़नदस्ते द्वारा इन दिनों जिले के कईं स्थानों पर पेड़ों की अवैध कटाई करने वालों सहित आरामशीन संचालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इन कार्रवाई से बौखलाए कुछ आरामशीन संचालक और उनके जुड़े लोगों ने उड़नदस्ते में शामिल डिप्टी रेंजर जान से मारने एवं गुप्तांग काटने की धमकी दी है।

पीड़ित डिप्टी रेंजर ने इस बारे में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी को लिखित शिकायत करते हुए खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी पर भी धमकी देने के आरोप लगाए हैं। डिप्टी रेंजर ने धमकी देने वालों पर एफआईआर दर्ज करते हुए सुरक्षा की मांग पुलिस अधीक्षक से की है। उल्लेखनीय है कि बीते एक महीने में वन विभाग के उड़नदस्ते द्वारा एक दर्जन से अधिक आरामशीनों को सील करते हुए उन पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। इन कार्रवाई से बौखलाए आरामशीन



संचालक अफसरों पर हावी होते हुए उन्हें गला काटने तक की धमकी दे रहे हैं।

#### क्या है पूरा मामला

वन विभाग के स्पेशल उड़नदस्ते में शामिल राजगढ़ निवासी डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा ने बताया कि गत 27 एवं 28 अक्टूबर को टीम द्वारा छापीहेड़ा एवं जीरापुर में संचालित आरामशीनों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें सील किया गया था। इन आरामशीनों में गीली लकड़ी पाई गई थी वहीं संचालकों के पास वैध दस्तावेज भी नहीं थे। इसके चलते उड़नदस्ते द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गईं। इन कार्रवाई से आक्रोषित कालूराम पिता बापूलाल विश्वकर्मा छापीहेड़ा, गब्बर पिता हबीब खान निवासी जीरापुर, रमेश पिता कालू विश्वकर्मा निवासी खारपा जीरापुर एवं महेश पिता जगन्नाथ राठौर निवासी जीरापुर डिप्टी रेंजर श्री सोनगिरा को गला और गुप्तांग काटने की धमकियां फोन पर दे रहे हैं।

#### कार्यालय में आकर ही दे डाली धमकी

लगातार मिल रही धमकियों से परेशान डिप्टी रेंजर सानेगिरा ने रोते-रोते बताया कि कुछ धमकियां जहां फोन पर दी गई वहीं 4 नवंबर को गब्बर खान खुद उड़नदस्ता कार्यालय आया और झूमाझटकी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उनसे यहां तक कहा गया कि आगे से जीरापुर मत आ जाना नहीं तो जिंदा नहीं लौटेगे।

#### खिलचीपुर विधायक पर धमके देने के आरोप

शिकायतकर्ता डिप्टी रेंजर सोनगिरा ने अपने लिखित शिकायत में बताया कि 28 अक्टूबर को जब उनके द्वारा महेश पिता जगन्नाथ जीरापुर की आरामशीन सील की गई तो उसके बाद खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने भी आरामशीन पर आगे से न आने और देख लेने की धमकी दी है।

#### मैंने नहीं दी धमकी


मैंने किसी को कोई धमकी नहीं दी है। जिन डिप्टी रेंजर की आप बात कर रहे हैं उनकी तो भोपाल स्तर से जांच भी चल रही है।

हजारीलाल दांगी,
विधायक, खिलचीपुर

# भाजपा नेता व कपड़ा व्यापारी के घर डकैती की कोशिश, एक को धर दबोचा

### सारंगपुर के सभी प्रमुख मार्ग पर सीसीटीवी फिर भी आरोपी भागा





#### पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद



**सारंगपुर।** नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोकुल दंडवानी के घर बुधवार देर रात डकैती डालने की कोशिश कर रहे आरोपियों की परिवार वाले को बांका लगी तो सब जग गए और राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी को घटना की जानकारी दी पुलिस अधीक्षक के निर्देश के तत्काल बाद सारंगपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दंडवानी के मकान पर वारदात करने पहुंचे आरोपियों की घेरा बंदी की लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा देकर भगा गए लेकिन एक आरोपी को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया जानकारी के अनुसार पाडल्या रोड वार्ड क्रमांक 07 में स्थित दंडवानी के आवास पर बीती रात कुछ शातिर बदमाश दीवार फांदकर घर के परिसर में घुस आए। उसी समय व्यापारी ने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध गतिविधियां देखीं। शक होने पर उन्होंने परिवार के साथ छत पर जाकर देखा तो पांच से छह लोग घर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। शोर मचाने पर बदमाशों ने गुलेल से हमला कर दिया, जिससे गोकुल दंडवानी के पुत्र योगेश दंडवानी और भतीजे राजेश दंडवानी के चेहरे व आंखों में गंभीर चोटें आईं। दोनों घायल हो गए और खून निकलने लगा। इस बीच एक आरोपी दीवार फांदते समय गिरकर घायल हो गया, तब तक मौके पर पुलिस पहुंच गई और उसे पकड़ लिया। सूचना मिलते ही एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

## बाइक के आमने सामने भिड़ंत में एक की मौत, एक गंभीर

**कुरावर।** नगर में बुधवार देर रात करीब 11 बजकर 30 बजे गौशाला के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, कुरावर से अपने गांव जा रहे लक्ष्मी नारायण पिता हरि सिंह (उम्र 40 वर्ष, निवासी लसूलिया पाटा माताजी) अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-37 एमआई-3340 से जा रहे थे। तभी सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल, जिसे पप्पू अहिरवार चला रहा था, उससे आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लक्ष्मी नारायण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पप्पू अहिरवार को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया। सूचना मिलते ही कुरावर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भोपाल में इलाजरत हैं डॉक्टर

# डॉक्टर पर हुए हमले का विरोध मेडिकल एसोसिएशन ने रखी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



गत दिवस खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदस्थ मेडीकल ऑफिसर डॉ. विशाल सिंह सिसोदिया पर मरीजों के परिजनों ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस हमले में डॉ. सिसोदिया को गंभीर चोंटे आई जिनका ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। मामले में खुजनेर पुलिस ने 3 आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। उधर, मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डॉक्टर्स के साथ यदा-कदा सामने आ रही इस तरह की घटनाओं के प्रति अपना तीखा विरोध जाहिर किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार दोपहर इमरजेंसी मीटिंग करते हुए प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक से डॉक्टर्स की सुरक्षा संबंधी कुछ मांगे रखी हैं।

#### एसोसिएशन ने की ये मांगें

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आर.एस. माथुर ने बताया कि बैठक में हुए निर्णयानुसार कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है। पत्र में मांग की गई है कि सभी सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पुलिस चैकी आरंभ की जाए। इसके साथ ही डॉक्टर्स प्रोटेक्शन एक्ट का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित हो एवं सभी अस्पतालों में सुरक्षागार्डों की ड्यूटी 24 घंटे के रोटेशन में लगाई जाए। इसके साथ ही जहां सुरक्षा गार्ड नहीं हैं वहां नई भर्ती करवाई जाए। जिन अस्पतालों में सीसीटीवी नहीं हैं वहां सीसीटीवी लगवाते हुए खराब पड़े कैमरों को जल्द सुधरवाया जाए।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

शुक्रवार को श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला स्तरीय बैठक कालापीपल विधानसभा के श्री कृष्णासय सांस्कृतिक सदन पोलाय कला मे आयोजित की गई। सर्व प्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन सभागीय अध्यक्ष मनोज जैन जिला अध्यक्ष अभिषेक चिंटू सक्सेना जिला महासचिव राजा राठौर वरिष्ठ पत्रकार प्रेमनारायण मरेठिया ब्लाक अध्यक्ष मुकेश शर्मा मनोहर मरेठिया के साथ सभी ब्लाकों के ब्लाक अध्यक्ष ने किया गया। इसके बाद सभी अतिथी का साफा बाध माला पहनाकर ब्लाक अध्यक्ष मुकेश शर्मा के साथ ब्लाक इकाई के सदस्यो के द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद संभागीय अध्यक्ष ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश मे हमेशा पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के लिए मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के द्वारा समय-समय पर उनकी मांगों को प्रदेश स्तर पर सरकार के सामने रखकर के पत्रकारों के हितों की रक्षा की है। श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश में एक ऐसा संगठन जो हमेशा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है हमें संबंधों के साथ-साथ पत्रकारिता में भी स्पष्टता रखनी होगी ताकि समय आने पर किसी प्रकार के दबाव में ना आए क्योंकि संबंध अपनी जगह रहते है लेकिन जब जनता के मुद्दे उठाने की बात आती है तो पत्रकारों को अपने पत्रकारिता के धर्म को निभाना चाहिए। पत्रकारिता ही एक ऐसा माध्यम है जो सरकार के सामने जन हितेषी मुद्दों को उठाकर के उनकी समस्याओं का समाधान करवा सकता है। इसीलिए पत्रकारिता को चौथा स्तंभ कहा जाता है यहां सभी पत्रकारों को समझना होगा कि हम राजनीतिक व्यवस्था से ऊपर उठकर के पत्रकारिता के धर्म को निभाएं क्योंकि राजनीतिक संबंध अपनी जगह होते हैं लेकिन आज कई लोग पत्रकारिता को राजनीति से जोड़कर देख रहे हैं। जिससे पत्रकारों को राजनीतिक प्रतिद्वंदियों से आलोचना का सामना करना पड़ता है। यहां हमे समझने की जरूरत है पत्रकार संघ के सदस्य के साथ में अगर कोई भी संकट आएगा तो पूरा संगठन उसके साथ में खड़ा है उसे डरने की जरूरत नहीं है।

# साइबर नशामुक्ति के तहत जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

सहारा पब्लिक स्कूल, कालापीपल में आज मध्य प्रदेश शासन के ह्लमुस्कान कार्यक्रमह्व के अंतर्गत साइबर क्राइम, नशामुक्ति एवं रोड सेफ्टी विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शुजालपुर उप-संभाग के एसडीओपी महोदय श्री निमेष देशमुख तथा टाउन इंस्पेक्टर कालापीपल मनोहर सिंह. जगेत अपनी टीम के साथ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सहारा शिक्षा समूह के प्रबंधक डॉ. मनोज दुबे द्वारा अतिथियों के स्वागत से किया गया।इस दौरान थाना प्रभारी जगेत ने छात्रझ्रछात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणाम, ट्रैफिक नियमों, एवं रोड सेफ्टी के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। वहीं एसडीओपी निमेष देशमुख ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, उससे होने वाले संभावित नुकसान तथा सुरक्षित रहने के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, सरकारी वेबसाइटों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रियाओं से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान जिले, संभाग एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा सम्मान भी किया गया। अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रबंधक डॉ. मनोज दुबे द्वारा किया गया।

# ट्रक चालक की लापरवाही ने कार को मारी टक्कर पुलिसकर्मी की मौत

### वारंट तामील कर राजस्थान से आते समय ब्यावरा-सुठालिया रोड पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



ब्यावरा - सुठालिया रोड पर मोठबडली के पास सुबह 6 बजकर 30 मिनिट के पर एक दर्दनाक हादसे में ब्यावरा सिटी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सर्जन भील की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक चालक की गलती के चलते सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मारी गई जिसमें कार के परखच्चे उड गए एवं प्रधान आरक्षक सर्जन भील की मौके पर मौत हो गई। जिन्हें डायल 112 से अस्पताल ले जाया गया जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही सुठालिया पुलिस मौके पर पहुंची और आरक्षक के शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि प्रधान आरक्षक सर्जन भील वारंट तामीली के बाद राजस्थान से आ रहे थे तभी वह दुर्घटना का षिकार हो गए।

### यात्रा टूर 5 से शुरू होकर 20 नवंबर तक चलेगा

# 7 राज्यों में होने वाली अंतरराज्यीय छात्र जीवन दर्शन यात्रा का प्रतिनिधित्व करेंगी राजगढ़ की उमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

7 राज्यों में होने वाले तरराज्यीय छात्र जीवन दर्शन यात्रा का मध्यभारत प्रांत की और से प्रतिनिधित्व करेंगी राजगढ़ जिले की उमा वैष्णव राष्ट्रीय एकात्मकता के साथ सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने सन 1966 से सतत रूप एक अंतर्राज्य छात्र जीवन दर्शन यात्रा टूर आयोजित करती हे।

जिसमें पूर्वोत्तर के 7 राज्यो की संस्कृति,सद्भाव को समझने हेतु निरंतर 59 वर्षों से राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के रूप अभाविप आयोजन करती आ रही है इस वर्ष भी 2025 में टूर का आयोजन अभाविप द्वारा किया जा रहा जिसमें छात्र जीवन दर्शन यात्रा टूर 5 नवंबर से शुरू होकर 20 नवंबर 2025 पूर्वोत्तर के 7 राज्यों में होने वाला हे। इसमें 35 प्रांतों के 75 से अधिक कार्यकर्ता इस टूर में सम्मिलित होंगे अपने जिले के लिए बढ़े ही गर्व की बात हे कि इस अंतराज्यीय छात्र जीवन दर्शन यात्रा हेतु राजगढ़ जिले की सारंगपुर तहसील के छोटे से गांव पठारी की उमा वैष्णव का चयन हुआ हे जो की मध्यभारत प्रांत का प्रतिनिधित्व भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में होने वालें अंतर्राज्य छात्र जीवन दर्शन यात्रा में करेंगी उमा वैष्णव वर्तमान में अभाविप मध्यभारत प्रांत खेलो भारत सह संयोजक व राजगढ़ विभाग की विभाग छात्रा




प्रमुख हे जो विद्यार्थी परिषद में काफी सक्रियता से अपने दायित्व का निर्वहन कर रही हे। राजगढ़ जिले के लिए यह गर्व का विषय है की राजगढ़ जिले की बेटी जिलें व मध्यभारत प्रांत का पूर्वोत्तर के राज्यों में प्रतिनिधित्व करेंगी राजगढ़ जिले की टीम उनका स्वागत वंदन करती है साथ ही उमा वैष्णव कि यात्रा मंगलमय हो इसकी कामना करती है।

### कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# डॉक्टर के साथ हुई मारपीट करने के बाद स्टाफ ने की सुरक्षा की मांग

**खुजनेर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में डॉ विशाल सिसोदिया पर हुए प्राण घातक हमला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उचित सुरक्षा व्यवस्था मुहैया नहीं करा पाने के विरोध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ द्वारा काम बंद करने के संबंध में सभी डॉक्टर एवं समस्त स्टाफ द्वारा गुरुवार को कलेक्टर के नाम तहसीलदार नित्यानंद पांडे को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में स्वास्थ्य सेवाएं कई समय से दे रहे है समय समय पर हमारे वरिष्ठ अधिकारियों को अस्पताल में अतिआवश्यक कमियों एवं जरूरतों को लेकर सूचित किया गया था। जिसको जिम्मेदारी से पूर्ण न करने के कारण, कई बार कार्य पर मौजूद स्टाफ एवं डॉक्टरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा हैं ऐसी समस्याओं में एक केंद्र



पर उचित सुरक्षा व्यवस्था न होना एवं 24 घंटे 7 दिन चलने वाली केंद्र पर मात्र एक सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था की गई है, जिसके द्वारा दो मंजिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपना कार्य करना असंभव है।


इसी महत्वपूर्ण खामी के चलते बुधवार को हमारे सहकर्मी डॉ विशाल सिसोदिया जो अपने नियमित जच्चा बच्चा वार्ड के राउंड पर थे उन पर घातक हमला हुआ। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल भी हुए है एक शासकीय जनसेवी के ऊपर, उसी के स्वास्थ्य केंद्र में होने वाला हमला, न सिर्फ शर्मसार है, एवं निंदनीय भी है। इस प्रकार से कोई भी चिकित्सक एवं संबंधित स्टाफ सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा हैं और अपना कार्य पूर्ण निष्ठा से नहीं कर पाएगा हमारी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर है। डॉ विशाल सिसोदिया पर घातक हमला करने वाले सभी आरोपियों को तुरंत हिरासत में लेकर, उनपर कठोर कार्यवाही कि जाए ताकि आगे कभी किसी कार्यरत कर्मचारी को ऐसी घटना का सामना न करना पड़े, एवं डॉ विशाल सिसोदिया को भी न्याय मिले ।

### रबी सीजन की फसलों की बुवाई में परेशानी

# नहरों से खेतों में पानी छोड़ने पूर्व विधायक तंवर ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रबी सीजन की फसलों के लिए क्षेत्र के किसानों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता के चलते किसानों को बोवनी में परेशानियां आ रही हैं। इसी को देखते हुए राजगढ़ के पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को पत्र लिखते हुए मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली की प्रेशराईज्ड नहरों से जल्द से जल्द पानी खेतों में छोड़े जाने की मांग रखी है।


बापूसिंह तंवर
पूर्व विधायक

विधायक श्री तंवर द्वारा लिखे गए पत्र में उल्लेख है कि चूंकि, खरीफ सीजन की फसलों में किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ा था ऐसे में रबी सीजन में भी ऐसे हालत न बने, इस हेतु नहरों से शीघ्र पानी छोड़ा जाए। यदि समय पर नहरों को खोल दिया जाए तो किसान आसानी से बुवाई कर पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा परियोजना से जुड़े अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आगामी 10 नवंबर से प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में पानी पहुंचाना आरंभ करवा दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर उसके पूर्व भी नहरें चालू की जा सकती हैं।

### भक्ति, संस्कृति और विकास का संगम बना नगर गौरव दिवस महोत्सव

# हरि-हर मिलन से झिलमिलाया कपिलेश्वर धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर-जीरापुर

कपिल मुनि की तपोभूमि और माँ कालीसिंध नदी तट स्थित कपिलेश्वर धाम में बैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर नगर गौरव दिवस महोत्सव का आयोजन धर्म, संस्कृति और आस्था के अद्भुत संगम के रूप में सम्पन्न हुआ। हरि-हर मिलन, गंगा आरती और दीपदान कार्यक्रमों ने सारंगपुर की ऐतिहासिक भूमि को भक्ति और श्रद्धा से आलोकित कर दिया।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि के रूप में तथा सारंगपुर विधायक एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वही महंत विनीत गिरी महाराज के आशीर्वचन से गूंज उठा कपिलेश्वर धाम उज्जैन के महाकाल मंदिर के महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत विनीत गिरी



महाराज ने प्रवचन में कहा कि "हरि-हर मिलन सनातन संस्कृति की आत्मा है कृ जहाँ शिव हैं, वहीं विष्णु हैं।" उनके प्रेरक वचनों से श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

#### गंगा आरती व दीपदान से छापी बांध का घाट भक्ति मय हुआ

हरि-हर मिलन पुर्णिमा पर्व सनातन संस्कृति की आत्मा है। जहाँ शिव , विष्णु हैं , यही एकता का शाश्वत संदेश है। नगर के शिवशंकर ताल मंदिर छापी घाट परिसर पर ढोल-नगाड़ो की शानदार प्रस्तुति की गूंज और "हर हर महादेव" के जयघोष तथा त्यागी जी महाराज सहित शारदा कलां मण्डल के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी ।जहां पर पुरा परिसर भक्ति रस में डूबा। यह आयोजन धार्मिक पर्व नहीं समाज में एकता , सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संदेश है। नगर में गौरव दिवस को भक्ति भाव श्रद्धा से मनाया' उपस्थित अतिथियों ने गंगा मैया एवं छापी नदी की पूजा-अर्चना कर आरती की। जहां पर मुख्य आरती पं. कमल नागर ने तथा राज्य मंत्री नारायण सिंह पवांर सेमलीयापार विधायक हजारीलाल दांगी , जिला पंचायत अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाह , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी कालुसिंह तोमर , हेमन्त जोशी ने की। इस अवसर पर 2 करोड़ 68 लाख रूपए से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जिसमें विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण और नगर में स्टेट लाइट कार्य शामिल है।